# आचार्य (डॉ.) अनिल कुमार राय


***वर्तमान में,***

**कुलपित**

महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत

***पूर्व में,***

**कुलपित**

कुलपति, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी विश्वविद्यालय, सीकर - 332001, राजस्थान, भारत

**कुलपित (कार्यकारी)/प्रति कुलपित**

महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी - 845401, बिहार, भारत

**अधिष्ठाता**

मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ / शिक्षा विद्यापीठ / प्रबंधन विद्यापीठ / छात्र कल्याण

**निदेशक**

संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र / आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ

**अध्यक्ष**

जनसंचार विभाग / राजनीतिशास्त्र विभाग / समाजशास्त्र विभाग / इतिहास विभाग / मानवशास्त्र विभाग

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा - 442001, महाराष्ट्र, भारत

**मोबाइल: 9422905749, 9257387478** **ई-मेल: raianilankit@gmail.com**


## संक्षिप्त परिचय

अनुभव समृद्ध आचार्य (डॉ.) अनिल कुमार राय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक कुशल एवं ख्यातिलब्ध शिक्षाविद हैं। आप महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत के माननीय कुलपति के पद को सुशोभित करते हुए अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा में संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र में निदेशक, जनसंचार विभागाध्यक्ष, शिक्षा विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण अधिष्ठाता तथा मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के अधिष्ठाता के दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। आप विभिन्न विश्वविद्यालयों के कार्य परिषद और विद्या परिषद के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान करते रहे हैं।

प्रो. राय भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति माननीय रामनाथ कोविंद जी द्वारा मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय, हैदराबाद के कुलाधिपति के रूप में मनोनीत प्रथम कोर्ट के सदस्य तथा अन्य कई केंद्रीय एवं राज्य विश्वविद्यालयों में माननीय कुलाध्यक्ष एवं कुलाधिपति द्वारा नामित प्रतिनिधि सदस्य रह चुके हैं। आप हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर के प्रबंध बोर्ड में माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति, राजस्थान के

प्रतिनिधि के रूप में मनोनीत सदस्य हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी विश्वविद्यालय, सीकर माननीय कुलपति महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी, बिहार के माननीय कार्यकारी कुलपति तथा प्रति कुलपति के पद दायित्व को सुशोभित करने का आपको गौरव प्राप्त है।

उच्च शिक्षा तथा पत्रकारिता के क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रो. राय को 'वाइस—चांसलर आफ द ईयर लीप—2025', 'यदूनाथ सिंह रिसर्च एक्सीलेंस अवॉर्ड—2024', 'भारत ज्योति पुरस्कार', 'संचारश्री पुरस्कार', 'उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान' तथा सामाजिक-सांस्कृतिक क्षेत्र में किए गए योगदानों के लिए 'विदर्भ भूषण पुरस्कार', 'द्वारकाधीश मानद उपाधि' जैसे अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कारों से अलंकृत किया गया है। 23 पुस्तकों के लेखक-संपादक-संचयक, दर्जनों शोध पत्रों के प्रस्तोता, प्रोफेसर अनिल कुमार राय इससे पूर्व वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर, उत्तर प्रदेश के जनसंचार विभाग के संस्थापक अध्यक्ष रह चुके हैं तथा वहां कार्य परिषद, विद्या परिषद तथा अध्ययन मंडल अध्यक्ष के माध्यम से उच्च शिक्षा के उन्नयन में अपना योगदान दे चुके हैं एवं देश के अनेक विश्वविद्यालयों में विविध विद्वत परिषद के सदस्य के रूप में अपना योगदान प्रदान कर रहे हैं।

कई प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं, दूरदर्शन तथा निजी टी.वी. चैनल में सक्रिय पत्रकार, टी.वी. कार्यक्रम प्रोड्यूसर एवं एंकर के रूप में कार्यानुभवी प्रोफेसर राय देश में पहली बार हिंदी पत्रकारिता की पढ़ाई स्नातक (ऑनर्स) स्तर पर प्रारंभ करने वालों में से एक हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में इसे 1994 में प्रारंभ किया गया था, जिससे प्रोफेसर राय सक्रिय रूप से संबद्ध रहे। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अध्ययन विभाग के अध्यक्ष का दायित्व भी आप पूर्व में निभा चुके हैं। आपकी प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा उत्तर प्रदेश तथा उच्च शिक्षा दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली से हुई है। दो विषयों में परास्नातक तथा दो-दो पी-एच.डी. उपाधि धारण करने का गौरव भी आपको प्राप्त है।